रांची में एक आयुध कारखाना स्थापित किया जाना

4490. **श्री क० मि० मधुकर : क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) क्या बिहार में रांची के निकट एक आयुध कारखाना स्थापित करने का एक प्रस्ताव पिछले अनेक वर्षों से सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो बिहार में यह कारखाना अब तक किन कारणों से स्थापित नहीं किया जा सका है ?

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (उत्पादन मन्त्री) (श्री प्र० च० सेठी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

बिहार में प्रतिरक्षा उद्योग के लिए खनिज निक्षेपों का सर्वेक्षण

4491. **श्री क० मि० मधुकर : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) बिहार में प्रतिरक्षा उद्योग के विकास को ध्यान में रखते हुए क्या केन्द्रीय सरकार ने बिहार राज्य में खनिज निक्षेपों का कोई सर्वेक्षण अथवा मुल्यांकन कराया है ।

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ;

पेट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी) : (क) और (ख) यद्यपि बिहार में अनेक खनिज अन्वेषण किए गए हैं और कुछ प्रगति पर हैं परन्तु भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा वहां पर प्रतिरक्षा उद्योगों को स्थापित करने के विनिर्दिष्ट विचार से कोई सर्वेक्षण या निर्धारण नहीं किया गया है । किसी अन्य संगठन द्वारा इस प्रकार का कोई सर्वेक्षण किया गया है अथवा नहीं हमें उसकी कोई जानकारी नहीं है । इस सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा पटल पर रखी जाएगी ।

मध्य प्रदेश में खनिज उत्पादन

4492. **श्री गं० च० दीक्षित : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) मध्य प्रदेश में वर्ष 1969-70 और 1970-71 (अब तक) की अवधि में कुल कितना खनिज उत्पादन हुआ है ;

(ख) क्या मध्य प्रदेश को वहां खनिज उत्पादन में वृद्धि करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में कोई वित्तीय सहायता दी गई है, यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी) : (क) केलन्डर-वर्ष के अनुसार खनिज उत्पादन के आंकड़े एकत्रित किये हैं । 1969 (पूरे वर्ष) और 1970 (जनवरी-सितम्बर) के दौरान मध्य प्रदेश में उत्पादित मुख्य खनिजों की मात्राओं को उपदर्शित करने वाला विवरण संलग्न है ।

(ख) खनिज उत्पादन बढ़ाने के लिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य सरकार के विकास कार्यकलापों के लिए सामान्य केन्द्रीय सहायता के अतिरिक्त मध्य प्रदेश को कोई विनिर्दिष्ट सहायता नहीं दी गई है ।

विवरण

1969 और 1970 (जनवरी-सितम्बर) में मध्य प्रदेश में खनिज उत्पादन*

खनिज	मात्रा का यूनिट	1969	1970 (जनवरी-सितम्बर)
एस्बेसटास	मैट्रिक टन	4	—
बाक्साइट	000 मैट्रिक टन	173	172
चीनी मिट्टी (विक्रय योग्य अपरिष्कृत)	000 मैट्रिक टन	10,141	5,339
कोयला	000 मैट्रिक टन	12,414	9,650
कोरंडम	मैट्रिक टन	249	1 7
हीरक	कैरेट	11,794	14,997
डायलसपोर	मैट्रिक टन	842	2,766
डोलोमाईट	000 मैट्रिक टन	474	316
फेल्सपार	मैट्रिक टन	1,474	—
फायर क्ले	,,	69,432	54,178
फ्लोराइट (श्रेणीवद्ध) (सारटिड)	,,	+	—
लौह अयस्क	000 मैट्रिक टन	6,410	5,078
चूना पत्थर	,,	3,994	2,912
मेंगनीज आयस्क	,,	184	155
श्रोकरे	मैट्रिक टन	9,525	9,022
पाइरो फिलाइट	,,	4,993	6,355
क्वार्टज और सिलिका	,,	42,629	29,957
सिलिमिनाइट	,,	101	71
एटीस्टाइट	,,	5,529	4,498
वर्मीकुलाइट	,,	274	—

+उत्पादन नहीं। केवल उन्नयन कार्यान्वित किया था और 1969 के दौरान 1,072 मैट्रिक टन की मात्रा बढ़ाई गई।

*'माइनोर खनिज' और 'अटामिक खनिज' छोड़कर।